प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 09.01.2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1—नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा विवाह करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना सोनकपुरः-

अवगत कराना है दिनांक 18.11.2024 को वादी निवासी थाना सोनकपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0-117/2024 धारा-187(2) BNS पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में लड़की को सकुशल बरामद करते हुये विवेचनात्मक कार्यवाही,साक्ष्य संकलन के आधार मुकदमा उपरोक्त में धारा-9/10 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की वृद्धि की गयी तथा आज दिनांक 09.01.2025 को निरीक्षक श्री विजय सिंह थाना सोनकपुर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी अरकान पुत्र फुरकान निवासी नयागांव थाना कटघर , मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

अरकान पुत्र फुरकान निवासी नयागांव थाना कटघर , मुरादाबाद।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

निरीक्षक श्री विजय सिंह थाना सोनकपुर,मुरादाबाद।
का0 सतपाल थाना सोनकपुर,मुरादाबाद।

2.-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 09.01.2025 को थाना डिलारी पुलिस द्वारा 01 आरोपी,थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा 02 आरोपी,थाना बिलारी पुलिस द्वारा 03 आरोपी,थाना कुन्दरकी पुलिस द्वारा 02 आरोपी को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.आरोपी मुन्ना पुत्र फतुवा निवासी ग्राम फरीदपुर भैंडी थाना छजलैट,मुरादाबाद।

2. फिरोज पुत्र भूरा निवासी ग्राम सब्जीपुर थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद।

3. अब्बास पुत्र कल्लू निवासी ग्राम सब्जीपुर थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद।

4. .मौ0शफीक पुत्र शफीक

5. राजा पुत्र शफीक निवासीगण मौ0 अंसारियान नई वस्ती थाना बिलारी,मुरादाबाद।

6. संजय कुमार पुत्र मुन्ना लाल निवासी मौ0 कोरियान बाल्मीकि वस्ती थाना बिलारी,मुरादाबाद।

7. विनोद कुमार पुत्र पान सिंह

8. जयप्रकाश पुत्र पान सिंह निवासीगण ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी,मुरादाबाद।